दिनांक 2 नवंबर 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

रोप लाइट से जगमग हुई भिलाई की सड़कें , रात में दिखने लगा आकर्षक नजारा , राहगीरों की राह भी हुई आसान

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सड़कों पर आवाजाही करने वालों को एक अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। भिलाई शहर की कई सड़कें अब रोप लाइट से जगमगा रही है। सूरज ढलने के बाद रात्रि में यह लाइट चालू हो जाती है। पोल में रोप लाइट लगाया गया है , जिससे गुजरने वाले राहगीरों को एक अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। सफेद रोशनी से राहगीरों को आवाजाही में भी आसानी हो रही है साथ ही सड़कों की सुंदरता में भी चार चांद लग गए हैं। महापौर नीरज पाल के प्रयासों से वैशाली नगर क्षेत्र के सभी प्रमुख सड़कों का सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा। इसकी विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली गई है इसी तारतम्य में नेहरू नगर चौक से सूर्या मॉल चौक तक के पोल में रोप लाइट लगाई गई है , यही नहीं कैंप क्षेत्र के 18 नंबर रोड में भी रोप लाइट अपनी चमक दिखा रहा है , लाइट लगाने का काम अन्य सड़कों में भी किया जा रहा है। यदि प्रमुख सड़कों की बात करें तो, नेहरू नगर चौक से सूर्या मॉल चौक, सुपेला चौक से राजेंद्र प्रसाद चौक, कर्मा चौक से भगवा मंदिर चौक , दर्शन मंदिर रोड , आईटीआई से गौतम नगर , खुर्सीपार गेट से श्रीराम चौक, जोन तीन गेट से अशरफी मस्जिद रोड , बसंत टॉकीज से जलेबी चौक होते हुए सुभाष चौक , राधिका नगर टोल प्लाजा से राधिका नगर चौक , टोल प्लाजा से कोसा नाला रोड की सड़को के सौंदर्यीकरण व विकास की कार्ययोजना है।